दिनांकः 01.05.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नान्दसी गांव में एक पोलिंग बूथ पर कल पुनर्मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान इस बूथ पर 17 ए रजिस्टर गुम होने के कारण ये निर्णय लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान कल सुबह 7 बजे से होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने पुनर्मतदान की सभी तैयारियां कर ली हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में रिटर्निंग ऑफिसर अजमेर द्वारा मतदान दल के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है। इस बूथ में वेबकास्टिंग की गयी थी।

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी मौसमी चक्रवर्ती ने आज आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी डॉ. वसुधा गुप्ता का स्थान लिया है, जो कल 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुईं। इससे पहले, श्रीमती चक्रवर्ती का सूचना और प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों में कार्य करने का अनुभव है।

श्रमिकों के योगदान का सम्मान करने के लिए आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जा रहा है। इसे मई दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन का उद्देश्य विश्व में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्राप्त करने में श्रमिकों के योगदान को याद करना है।

मजदूर दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई निजी कारखानों और कम्पनियों की ओर से अपने कामगारों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां रखी गयी हैं। इस अवसर पर बून्दी में जागरुकता रैली निकाली गयी। राजकीय नूतन माध्यमिक विद्यालय, चौगान गेट से इस रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन कलेक्ट्रेट स्थित नॉलेज पार्क में हुआ। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, जिला श्रम अधिकारी बिपिन काला और जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं जयपुर में एक निजी संस्था की ओर से सम्मान और स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें बस ड्राइवर, ऑटो और रिक्शा चालक सहित कई मजदूरों को सम्मानित किया जाएगा। भीलवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों को हृदय रोग से बचाव के लिए पांच हजार निःशुल्क आरोग्य किट वितरित किए जाएंगे। सवाईमाधोपुर शहर में विभिन्न मजदूर संगठनों के आवाह्न पर रैली, सभा और संगोष्ठी के आयोजन किए जा रहे हैं।

बाड़मेर जिले में चौहटन के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। गौरतलब है कि इस शिक्षक ने एक विद्यार्थी द्वारा गलत रोल नम्बर लिखने पर उसके साथ बेरहमी से पिटाई की थी।

उच्च न्यायालय के आदेश पर बालोतरा के जेरला रोड़ पर अवैध रूप से चल रही नौ कपड़ा इकाइयों पर प्रशासन ने कार्रवाई कर उनका बिजली कनेक्शन काट दिया है। वहीं 11 अन्य इकाई मालिकों को तीन दिन में जगह खाली करने का नोटिस दिया गया है। गौरतलब है कि इन कपड़ा इकाइयों के प्रदूषित पानी से जेरला ग़ांव के निवासी परेशान थे।

कोटपूतली बहरोड जिले में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रो प्लान तैयार किया है। जिला सीएमएचओ डॉ.आशीष शेखावत ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर हेड अकाउंट सर्वे करेंगे। इसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशालय में भिजवाई जाएगी, जिसके बाद विशेष टीकाकरण सत्र शुरू होगा। इसमें टीकाकरण से वंचित बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जाएंगे।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज बूढ़ा बास्योड़ा पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जयपुर के चाकसू की शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मन्दिर में मेला भर रहा है। शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया जा रहा है।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर तापमान में 3 से 4 डिग्री की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 35 से 39 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया है। सबसे ज्यादा 39 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। विभाग के जयपुर केन्द्र के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दो–तीन दिनों में तापमान में बढोतरी होगी। वहीं चार मई से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। चार मई को जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं। वहीं पांच मई को जयपुर, भरतपुर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बरसात हो सकती है।